एक नजर

आपसी विवाद में मारपीट महिला जख्मी

गिद्धौर(जमुई) : थाना क्षेत्र के सेवा पंचायत के नीचली सेवा गांव में रविवार को आपसी विवाद में दो पक्षों में मारपीट हुई। इस घटना में एक पक्ष की अनिता देवी पति कपिलदेव यादव गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला को इलाज के लिए दिग्विजय सिंह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। अनिता देवी ने बताया कि मेरे पति खेत में पटवन करने गए थे। मैं घर में थी कि बगल के ही पंकज यादव, रविन्द्र यादव, सरिता देवी, कंचन देवी मेरे घर मे जबरन घूस आए और लाठी और रॉड से पिटाई करने लगे। मेरे हल्ला मचाने पर सभी भाग गए। मारपीट की घटना को लेकर पीड़ित पक्ष ने चार लोगों पर आरोप लगाते हुए गिद्धौर थाना में शिकायत की है। (संसू)

बकरा काटने के लिए लेना होगा अनुज्ञप्ति

खैरा(जमुई) : थाना परिसर में दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। थानाध्यक्ष दलजीत की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा हुई। मौके पर थानाध्यक्ष ने कहा कि पूजा पंडालों में किसी भी राजनीतिक दल का बैनर-पोस्टर नहीं लगाना है। उन्होंने पूजा समिति के सदस्यों से मेला के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए वाच टावर एवं सीसीटीवी लगाने पर भी चर्चा की। साथ ही कहा कि अष्टमी की रात यहां बलि की प्रथा है। इस दौरान बड़ी संख्या में बकरे की बलि दी जाती है। भीड़ के कारण बलि के दौरान परेशानी होती है असुरक्षा का माहौल उत्पन्न हो जाता है। बकरा काटने के लिए प्रत्येक गांव से चार तलवारबाज होंगे जिन्हें थाना से अनुज्ञप्ति लेना होगा। (संसू)

जमीन विवाद में घायल

चन्द्रमंडीह(जमुई) : चकाई थाना अंतर्गत प्रखंड कार्यालय के समीप रविवार को जमीन विवाद में हुई मारपीट में एक पक्ष के लोगों ने दूसरे पक्ष के एक व्यक्ति को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जख्मी महेश केशरी ने बताया कि रविवार को उसकी जमीन पर उसके पड़ोसियों ने चापाकल गड़वाना प्रारंभ किया। विरोध करने पर चापाकल गड़वा रहे पारस केशरी, निरंजन केशरी, बिहारी केशरी, पिंटू केशरी एवं संजीत केशरी ने बैट और लाठी से मारकर घायल कर दिया। जख्मी महेश केशरी को इलाज के लिए स्थानीय रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से बेहतर इलाज के लिए देवघर रेफर कर दिया गया। जख्मी महेश ने चकाई थाना में पांच लोगो पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए थाना में आवेदन दिया है। वहीं दूसरे पक्ष के पारस ने भी थाना में आवेदन दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। (संसू)

लोजपा दलित सेना ने की बैठक

झाझा(जमुई) : शहर के आंबेडकर नगर के सामुदायिक भवन में रविवार को लोजपा दलित सेना की बैठक संजीव कुमार तांती की अध्यक्षता में हुई। जिसमें प्रदेश उपाध्यक्ष सह झाझा विधानसभा प्रभारी मंजू पासवान ने भाग लिया। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष ने केन्द्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कार्यकर्ताओं को गांव-गांव में बैठक करने का निर्देश दिया। साथ ही बूथ स्तरीय कमेटी का विस्तार करने की बात कही। सांसद चिराग पासवान को हाथों को मजबूत करने के लिए सभी को एकजुट होकर उनके द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी जनता तक पहुंचाने की अपील की। इस अवसर पर उषा पासवान, मनोज पासवान, नागमणि यादव, उदय, अरविन्द आदि थे। (संसू)

दुर्घटना में दो जख्मी

खैरा(जमुई) : खैरा-बड़ीबाग मार्ग पर रविवार की देर संध्या सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवक जख्मी हो गए। जख्मी बबलू रावत और संदीप रावत खैरा के ही रहने वाले बताएं जाते हैं। जख्मी हालत में दोनों को इलाज के लिए खैरा अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को जमुई रेफर किया गया है। (संसू)

सेक्युलर रथ पहुंचा लक्ष्मीपुर

लक्ष्मीपुर(जमुई) : राष्ट्रीय समता पार्टी सेक्युलर का आगामी 28 अक्टूबर को पटना में होने वाला गांव बचाओ, किसान बचाओ माह रैली को सफल बनाने को लेकर पार्टी का रथ रविवार को जिले के चकाई, सोनो, गिद्धौर, खैरा, बरहट प्रखंड होते लक्ष्मीपुर पहुंचा। (संसू)

ट्रांसफार्मर जला, सूख रही फसल

प्रकृति की मार झेल रहे किसानों का कलेजा खेत में फटी दरार को देख कांप रहा, ग्रामीण हो रहे परेशान

संवाद सहयोगी, जमुई : शहरी क्षेत्र में 24 तथा ग्रामीण क्षेत्र में 48 घंटे के भीतर ट्रांसफार्मर बदले जाने के दावे जमुई में फेल हो रहे हैं। नतीजतन सुखाड़ की मार झेल रहे किसानों के ऊपर दोहरी मार पड़ रही है। किसान पिछले कई दिनों से पावर सब स्टेशन अलीगंज में पदस्थापित अभियंता से लेकर अन्य सक्षम अधिकारियों तक गुहार लगा रहे हैं लेकिन परिणाम वही ढाक के तीन पात वाली कहावत है। भलुआना गांव की लगभग चार हजार आबादी का घरेलू कनेक्शन और नलकूप का विद्युत कनेक्शन 63 केवीए के ट्रांसफार्मर से ही दिए जाने पर भी ग्रामीण सवाल उठा रहे हैं। इधर कार्यपालक अभियंता की माने तो ट्रांसफार्मर में मामूली खराबी की सूचना मिली थी। जिसे ठीक कर लिया गया है। किसान ब्रह्मदेव यादव, रिकी राज, मनोज यादव, इंद्रदेव यादव, अवधेश यादव, रामदेव यादव, महावीर यादव सहित अन्य किसानों ने बताया कि 28 सितम्बर को भलुआना गांव का ट्रांसफार्मर जल गया। इसकी सूचना अलीगंज पावर स्टेशन की मैडम को दी गई। मनोज यादव ने बताया कि मुखिया द्वारा दिया गया आवेदन मैडम ने लेने से इंकार किया। साथ ही स्टाफ के छुट्टी चले जाने की बात बताकर आज-कल किया जा रहा है। ट्रांसफार्मर जलने के कारण पहले से ही प्रकृति की मार झेल रहे किसानों का कलेजा खेत में फटी दरार को देख कांप रहा है। ऐसे में ट्रांसफार्मर जलने से किसी तरह धान की फसल को बचाने की कवायद से आदमी के साथ-साथ जानवरों के भोजन की भी समस्या उत्पन्न हो जाएगी।

झूलसा धान की फसल

जले ट्रांसफार्मर के समक्ष प्रदर्शन करते ग्रामीण ● जागरण

मानव बल के हड़ताल से प्रभावित हो रहा कार्य : मानव बल के हड़ताल के कारण जिले में विद्युत आपूर्ति नियमित रखने में व्यवधान उत्पन्न हो रहा है। रुटिन वर्क भी प्रभावित हो रहा है। इसको लेकर अधिकारी खासे परेशान हैं।

भलुआना गांव के ट्रांसफार्मर में खराबी की सूचना मिली थी। अलीगंज के कनीय अभियंता ने खराबी दूर कर लेने की बात कही है। वैसे मानव बल के हड़ताल पर रहने के कारण परेशानी हो रही है फिर भी सोमवार को समस्या का समाधान कर लिया जाएगा।
सुबोध कुमार, कार्यपालक अभियंता, विद्युत प्रमंडल, जमुई

किसान त्राहिमाम मगर सरकार कर रही आराम : पूर्व मंत्री

जमुई : बिहार के कई इलाके सुखाड़ की चपेट में है। नदी, नाला, तालाब, जोरिया, कुंआ सूख रहा है। खेत में लगी धान की फसल खराब हो रही है। खेतों में दरार पड़ी है। लाचार किसान धान की फसल को काटकर मवेशी को खिलाने को मजबूर हैं। पेट की आग और मौसम की बेरूखी से चिंतित किसान अब दूसरे राज्य के तरफ पलायन करने की तैयारी में हैं। उक्त बातें पूर्व मंत्री जमुई विधायक विजय प्रकाश ने कही। उन्होंने कहा कि किसान परेशान है मगर सरकार बेखबर है। किसानों के समक्ष महाजन का कर्ज चुकाने की समस्या है। परिवार के भरण-पोषण की चिंता सता रही है। मगर मुख्यमंत्री मौनी बाबा बने हैं। जमुई के सभी प्रखंड सुखाड़ की चपेट में हैं। गांव का कुंआ सूख चुका है। मुख्यमंत्री डीजल अनुदान के नाम पर जनता को ठगने में लगे हैं। पूर्व मंत्री ने बिहार सरकार से सुखाड़ जिला घोषित करने की मांग करते हुए कहा कि अगर किसान मजबूर हुए तो जन आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विधान सभा क्षेत्र के किसान अपनी पीड़ा से अवगत करते हैं। उनके समक्ष आर्थिक संकट मुंह बाएं खड़ी है मगर दो इंजन की सरकार बहरी बनी है। उन्होंने कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो राजद किसानों के लिए सड़क पर उतरेगा और किसानों का हक दिलवाने का काम करेगा।

अनियमित बिजली आपूर्ति को ले ग्रामीणों ने किया हंगामा

संवाद सूत्र, खैरा(जमुई) : गरही फीडर में पिछले दो दिनों से अनियमित बिजली आपूर्ति से नाराज ग्रामीणों का गुस्सा रविवार को फूट पड़ा। इस फीडर अंतर्गत आने अपसंहमते कवदम नदहंउंवाले लगभग आधा दर्जन गांव के लोग पावर सब स्टेशन पहुंचे और हंगामा करने लगे। इस दौरान ग्रामीणों ने बिजली विभाग के अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी भी की। मौके पर परमेश्वर यादव, भगलू यादव, पूर्व सरपंच मनोज यादव सहित कई ग्रामीणों ने बताया कि एक तो बारिश नहीं होने के कारण धान की फसल बर्बाद हो रही है। अनियमित बिजली आपूर्ति के कारण फसल की सिंचाई करने में काफी परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि कभी-कभार अगर किसी कारणवश तार टूट जाता है तो उसे जोड़ने के नाम पर बिजली कर्मियों द्वारा रुपए की मांग की जाती है।

इस संबंध में बिजली विभाग के कनीय अभियंता से दूरभाष पर बात की गई तो उन्होंने बताया कि बिजली आपूर्ति में सुधार किया जाएगा। विद्युत कर्मियों द्वारा पैसा मांगे जाने की शिकायत पर उन्होंने कहा कि अगर ग्रामीणों द्वारा इस संदर्भ में आवेदन दिया जाता है तो मामले की जांच कर दोषी विद्युत कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

अनियमित विद्युत आपूर्ति के खिलाफ प्रदर्शन करते ग्रामीण ● जागरण

तर्पण

दिवंगत आत्मा की शांति के लिए करते हैं तर्पण

स्व. वासुदेव भगत

संवाद सहयोगी, जमुई: हिंदू धर्म में तर्पण की परंपरा प्राचीन काल से चली आ रही है। रामायण में इसकी चर्चा की गई है। भगवान राम अपने पिता राजा दशरथ के स्वर्गवास होने के बाद उन्होंने अपने पिता के लिए तर्पण किए थे। महाराजगंज निवासी बलदेव प्रसाद भगत ने बताया कि उनके पिता की मृत्यु 18 साल पहले हुई थी। वे अपने पिता स्वर्गीय बासुदेव भगत की आत्मा की शांति के लिए तर्पण करते हैं। पितृपक्ष आते ही नियम और निष्ठा पूर्वक प्रत्येक वर्ष तर्पण करते हैं ताकि दिवंगत आत्मा को शांति मिले।

बालदेव प्रसाद भगत

श्राद्ध पक्ष पूर्वजों के प्रति श्रद्धा का पर्व। नई पीढ़ी में पूर्वजों के प्रति आस्था के जागरण का पर्व। पूर्वजों की पुण्यस्मृति का पर्व। उनके संस्मरणों के पुन: स्मरण और संस्कारों के अनुपालन-अनुशीलन का पर्व। उनकी विरासत-थाती को संजोने के संकल्प का पर्व।

श्रद्धा और आस्था के इस पावन पर्व पर आइये अपने पूर्वजों का स्मरण करें। अगर आप भी उनकी स्मृतियों को संजोना चाहते हैं, तो हमें लिख भेजें :

jamui@bhl.jagran.com

अधिकतम 100 शब्दों में पूर्वजों के संस्मरण के साथ फोटो और अपना परिचय भी।

मेडिकल कॉलेज का स्थान परिवर्तन को लेकर राजद सांसद ने किया पत्राचार

संवाद सहयोगी, जमुई : पूर्व केंद्रीय मंत्री, सांसद एवं राष्ट्रीय जनता दल के नेता जयप्रकाश नारायण यादव ने 5 अक्टूबर 2018 को अलग-अलग पत्र लिखकर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा एवं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को जमुई में प्रस्तावित मेडिकल कॉलेज को लेकर ध्यान आकृष्ट करते हुए जनहित में सुयोग स्थान पर स्थापित किए जाने की बात लिखी है। उन्होंने लिखा है कि मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए जिस स्थान का स्वीकृति प्रदान किया गया है वह स्थान मेडिकल कॉलेज के निर्माण के लिए उपयुक्त नहीं है। साथ ही भौगोलिक दृष्टिकोण से असुरक्षित, दुर्गम एवं और असुविधाजनक है।

दबे-कुचले वर्ग की आवाज बनेगा महादलित क्लब

संवाद सूत्र, गिद्धौर(जमुई) : पतसंडा महादलित टोला में वार्ड 6 की वार्ड सदस्य कुरैशा खातुन एवं वार्ड 7 की सदस्य उषा देवी की अध्यक्षता में महादलित समुदाय की बैठक हुई। बैठक में वार्ड 6 एवं 7 के महादलित ग्रामीणों द्वारा आदर्श नवयुवक क्लब गिद्धौर मुसहरी का गठन किया गया। जिसके अध्यक्ष पद पर युवा समाजसेवी मुमताज अंसारी, उपाध्यक्ष धीरन मांझी, सचिव ओमप्रकाश गुप्ता, महासचिव सहदेव मांझी एवं कोषाध्यक्ष पिंटू कुमार रविदास का चयन सर्वसम्मति से किया गया। नव गठित क्लब के सदस्यों ने कहा कि जो भी जिम्मेदारी हम सबों को दी गई है उसका ईमानदारी पूर्वक निर्वहन किया जाएगा। मौके पर वार्ड सदस्या द्वय ने कहा कि दलित महादलित को मान-सम्मान व उनका वाजिब हक दिलाने के लिए इस क्लब गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि गठित क्लब दबे कुचले व शोषित महादलित वर्ग के लोगों की आवाज बुलंद कर उन्हें समाज में बराबरी का दर्जा दिलाने का काम करेगा। इस अवसर पर ताहिर अली, गफ्फार अंसारी, मुन्ना मांझी, प्रमोद मांझी, उमेश मांझी, विशुनदेव मांझी, जानी मांझी, मतलु मांझी, शिक्कू राम, गोरेलाल मांझी सहित दर्जनों सदस्य व ग्रामीण मौजूद थे।

बैठक करते महादलित समुदाय के लोग ● जागरण

दो वार्ड के महादलितों ने बनाया क्लब,वंचितों का आवाज बन समाज में बराबरी के लिए करेगा संघर्ष

एससी-एसटी कर्मचारी संघ के सदस्यों की बैठक

संवाद सूत्र, झाझा(जमुई) : प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय बलियाडीह में रविवार को एससी-एसटी कर्मचारी संघ की बैठक प्रखंड अध्यक्ष फागू दास की अध्यक्षता में हुई। जिसमें बलियाडीह पंचायत इकाई का गठन किया गया। अध्यक्ष पद पर लालू कुमार दास, उपाध्यक्ष बुधन कुमार भारती, सचिव निराला सोरेन, उपसचिव शंकर सोरेन एवं कोषाध्यक्ष जयप्रकार कुमार का चयन किया गया। प्रखंड अध्यक्ष ने नवनिर्वाचित सदस्यों से अपील करते हुए कहा कि संगठन को विस्तार करते हुए अपने अधिकार के लिए जागरूक रहे। उन्होंने बताया कि प्रत्येक पंचायत में संगठन गठन करना है अब तक आधा दर्जन से अधिक पंचायतों में पंचायत इकाई का गठन कर लिया गया है। मौके पर नागेश्वर तुरी, निरज पासवान, मनोज रजक, शेषनाथ दास, भीम तुरी, दिनेश चौधरी, सुरेश दास, रामदेव रजक, दिलीप दास, संजय दास, सोनू कुमार, दामोदर दास, दासो दास, सजंय दास आदि सदस्य उपस्थित थे।

दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना में महिला सहित दो जख्मी

संवाद सहयोगी, जमुई : जमुई-मलयपुर मुख्य मार्ग पर सतगामा गांव के समीप बाइक से गिरकर एक महिला गंभीर रूप से जख्मी हो गई। महिला शकुंतला देवी को बाइक चला रहे उसके पति चितरंजन यादव द्वारा इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां महिला की गंभीर स्थिति देखते हुए चिकित्सक ने पटना रेफर कर दिया। चिकित्सक ने बताया कि महिला के सिर में गंभीर चोटें लगी है।

जिस वजह से महिला के नाक और कान से खून भी निकल रहा है। बताया जाता है कि चितरंजन यादव जमुई एसपी कार्यालय में चालक के पद पर कार्यरत हैं। रविवार को वह बाइक से अपनी पत्नी के साथ मलयपुर गए थे।

मलयपुर से जमुई लौटने के दौरान सतगामा गांव के समीप अचानक एक बच्चा बाइक के आगे आ गया। बच्चे को बचाने के प्रयास में ब्रेक मारते ही पीछे बैठी उसकी पत्नी गिर पड़ी। दूसरी घटना जमुई-मलयपुर मुख्य मार्ग के खैरमा गांव के समीप हुई है। जहां एक अनियंत्रित ट्रैक्टर ने बाइक में ठोकर मार दी। इस दुर्घटना में बाइक सवार मुंगेर जिला के गंगटा थाना अंतर्गत मिल्की गांव निवासी केशव कुमार सिंह घायल हो गए। जिसे स्थानीय लोगों द्वारा इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। बताया जाता है कि युवक अपने घर से जमुई आ रहा था तभी खैरमा गांव के समीप अनियंत्रित ट्रैक्टर ने ठोकर मार दी।

सदर अस्पताल में इलाजरत जख्मी युवक

तीसरे दिन भी बीएलएनएल की सभी सेवाएं रही ठप

संवाद सहयोगी, जमुई : भारत संचार निगम लिमिटेड को सुधारने का मंत्री रविशंकर प्रसाद के दावे के विपरीत जमुई में तीसरे दिन भी बीएसएनएल सेवा बाधित रहा। नतीजतन जमुई में कई करोड़ के कारोबार प्रभावित हुए हैं। पुलिस प्रशासन के कार्यालय में टेलीफोन की घंटी तीन दिन से नहीं बज रही है तो हाकिम का सरकारी मोबाइल स्वीच ऑफ बता रहा है। ब्रॉडबैंड के वायफाई मशीन में भी तीन दिनों से लाल सिगनल दिखा रहा है। बीएसएनएन के अधिकारी कुछ बताने को तैयार नहीं हैं। बीएसएनएल में आई यह खराबी के पीछे वजह क्या है और समस्या निराकरण कब तक होगा इसकी जानकारी टेलीफोन विभाग के कोई भी अधिकारी देने से कन्नी कटा रहे हैं। बहरहाल बीएसएनएल का सिगनल रेड होने का सबसे ज्यादा नुकसान निबंधन कार्यालय के साथ-साथ जमीन निबंधित कराने आए क्रेता और विक्रेता के अलावा कातिबों को हुआ है।

राजद का प्रखंडस्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आज, तैयारी पूरी

संवाद सूत्र, चन्द्रमंडीह(जमुई) : राजद कार्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक विधायक प्रतिनिधि श्यामसुंदर राय की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पार्टी द्वारा 8 अक्टूबर को प्रखंड मुख्यालय स्थित अंबेदकर भवन में आयोजित राष्ट्रीय जनता दल के एक दिवसीय कार्यकर्ता सम्मेलन को सफल बनाने पर विचार-विमर्श किया गया। मौके पर पार्टी के दलित प्रकोष्ठ के नेता बालेश्वर दास ने कहा कि सम्मेलन में चकाई विधानसभा क्षेत्र को अकाल क्षेत्र घोषित करने, किसान को फसल का उचित मुआवजा दिलाने, किसानों के कर्ज माफी पर विचार करने, दलित महादलित, आदिवासियों पर अत्याचार बंद करने, प्रदेश में व्याप्त भ्रष्टाचार एवं महंगाई का विरोध करने, सिंचाई की पूर्ण व्यवस्था कराने, चकाई को अनुमंडल बनाने एवं बालु पर लगे प्रतिबंध को हटाने पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

सम्मेलन का उदघाटन विधायक सावित्री देवी एवं राजद नेता विजयशंकर यादव करेंगे। सम्मेलन को लेकर पूरे प्रखंड में प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। मौके पर मुखिया कार्तिक पासवान, कांग्रेस नेता रामेश्वर यादव, घनश्याम यादव, शिवनारायण यादव, बिन्देश्वरी यादव, रश्का मरांडी, मुखिया बाबुराम किस्कु, कालेश्वर यादव, राजु कोल, सोमरा मरांडी, शालीग्राम राय, कामेश्वर पंडित, लक्ष्मण पंडित आदि मौजूद थे।

नाम की अवधारणा को सार्थक कर रहा आइ सक्षम

अरबिन्द कुमार सिंह ● जमुई

देश की गांव में शैक्षणिक स्तर को गुणवत्तापूर्ण बनाने की नीयत से बिहार और यूपी के तीन युवकों द्वारा स्थापित आई सक्षम संस्था नाम के अनुरूप सार्थकता सिद्ध कर रही है। आई सक्षम का अंग्रेजी में शब्दार्थ चाहे जो भी हो लेकिन अंग्रेजी और हिन्दी के मिश्रण से संस्था के नाम का मतलब मैं सक्षम होता है। जमुई में यही शब्दार्थ सही साबित होता दिख रहा है। जमुई के सिरारी गांव में दिव्यांग युवक राजाराम पंडित, खैरमा गांव में दिव्यांग युवती ममता कुमारी सहित कुल 25 युवक-युवतियां आई सक्षम संस्था से जुड़कर उसके मूल उद्देश्य सीखें-सिखाएं को आत्मसात कर रहे हैं। फेलोशिप प्रोग्राम के तहत गांव में अंग्रेजी, कम्प्यूटर और टीचर्स ट्रेनिंग साथ-साथ चल रहा है। संस्था द्वारा नियुक्त फेलो साप्ताहिक प्रशिक्षण दिए जाने के साथ-साथ डिजिटल टेक्नोलॉजी के सहारे भी प्रशिक्षित किया जाता है। प्रशिक्षित फेलो ही गांव में बच्चों को खेल-खेल में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करते हैं। यहां मुफ्त में शिक्षा बांटने जैसी कोई व्यवस्था नहीं है। ग्रामीण स्तर पर बेरोजगार युवकों व युवतियों को शिक्षा केन्द्र स्थापित करने के लिए प्रेरित किया जाता है। इसी के तहत बच्चों से ट्यूशन फी भी लिया जाता है ताकि फेलो कुशल और आत्मनिर्भर होकर बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर सके।

सिरारी स्थित आई सक्षम के पाठशाला का निरीक्षण करने पहुंचे विदेशी छात्र-छात्राएं ● जागरण

एक वर्ष पूर्व राजाराम जुड़ा आई सक्षम से : तकरीबन ढाई साल से अपनी खपड़ैल के मकान में बच्चों को ट्यूशन पढ़ा रहे दिव्यांग राजाराम पिछले वर्ष आई सक्षम से जुड़ा। प्रशिक्षण के साथ-साथ टीचर लर्निंग मेटेरियल यानी टीएलएम मुहैया कराए जाने के बाद इनके पास बच्चों की संख्या में भी इजाफा हुआ। 10 बच्चों से इन्होंने शुरुआत की थी। अब इनके पास 40 बच्चे पढ़ाई के लिए आते हैं।

जिले में इन जगहों पर संचालित हो रहा शिक्षा केन्द्र

जमुई में सिरारी गांव के अलावा सोनाय, मड़वा, काकन, लखनपुर, मिश्रबीघा, खैरमा, बिठलपुर, अड़सार, कहरडीह, कोल्हुआ, बानपुर, शीतलपुर एवं कटौना गांव में कुल 25 शिक्षा केन्द्र आई सक्षम द्वारा संचालित किए जा रहे हैं। इन केन्द्रों के फेलो को तीन माह का ट्रेनिंग भी दिया गया है। तीन माह का प्रशिक्षण के लिए रायपुरा एवं पतौना में प्रशिक्षण केन्द्र भी संचालित है।

विदेशियों ने किया था निरीक्षण: आई सक्षम संस्था द्वारा संचालित शिक्षा केन्द्रों को पिछले दिनों जापान के किओ यूनिवर्सिटी के फेलोशिप की टीम द्वारा विजिट किया गया था। टीम में टाका, हीरो और सिजुका सहित दस छात्र-छात्राएं शामिल थे।

खेतीबारी | पांच एकड़ में फैले फार्म हाउस पर गोबर से तैयार होता है खाद

जैविक खेती पेश कर रही नजीर

संवाद सहयोगी, जमुई : जैविक व समेकित खेती का मलयपुर में नजीर पेश हो रहा है। मलयपुर निवासी व्यवसायी ललन सिंह के फार्म हाउस पर जैविक खाद से फसल लहलहा रहे हैं तो गोपालन के साथ तुलसी, केला, पपीता के पौधे आकर्षण का केंद्र बना है। एक सफल व्यवसायी का खेती की ओर मुखातिब होने व अपने हाथ से जैविक खाद को तैयार करने की तस्वीर खेती को लेकर बढ़ते झुकाव की ओर इशारा कर रहा है।

इनके फार्म हाउस पर गोबर से जैविक खाद तैयार किया जाता है। इसी खाद से खेती होती है। इसके अलावा गोमूत्र से भी जैविक खाद व कीटनाशक तैयार की जा रही है। मलयपुर स्थित जिला कृषि कार्यालय के समीप लगभग पांच एकड़ में फैले इस फार्म हाउस की खासियत इसका व्यवस्थित होना है। फार्म हाउस पर 30 गाय व बछड़ा का पालन किया जाता है। प्लाट के एक ओर लाल तुलसी के पौधे तो दूसरी तरफ केला व सब्जी की खेती की गई है। बकौल ललन सिंह आज तक कृषि विभाग के किसी कर्मी ने इधर आने की जरुरत नहीं समझी। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन 50 लीटर दूध का उत्पादन होता है। गाय के गोबर से जैविक खाद तैयार करने को लेकर दस यूनिट जैविक पीट बनाई गई है।

गोमूत्र को कीटनाशक के तौर पर तैयार किया जाता है। उनके फार्म हाउस पर दूध से क्रीम निकालने की मशीन भी उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि वो दूध से पनीर बनाने का मशीन लगाना चाहते हैं मगर तकनीकी सहायता नहीं मिलने के कारण अभी तक यह संभव नहीं हो सका है। उन्होंने बताया कि टीवी या अन्य जगहों से आधुनिक खेती की जानकारी लेकर अपने फार्म हाउस पर अमलीजामा पहनाने की कोशिश की जाती है। सही जानकारी के अभाव में कभी-कभी नुकसान उठाना पड़ता है। फार्म हाउस में लगे सभी फसल शत-प्रतिशत जैविक खाद से तैयार हुए हैं। व्यवसायी ललन सिंह का यह प्रयास खेती में आ रहे बदलाव की ओर इशारा कर रहा है।

गोमूत्र से तैयार हो रहे कीटनाशक ● जागरण

सवर्ण मोर्चा ने चलाया सदस्यता अभियान

जागरूकता अभियान चलाते सवर्ण मोर्चा के सदस्य ● जागरण

संवाद सहयोगी, जमुई: रविवार को अखिल भारतीय सवर्ण मोर्चा जमुई की ओर से संगठन विस्तार को लेकर कटौना, सिकहरिया, गारोनवादा गांव के 14-14 युवाओं को संगठन की सदस्यता दिलाई गई और उन्हें पोस्ट देकर उनकी जिम्मेवारी को विस्तृत रुप से बताया गया। अखिल भारतीय सवर्ण मोर्चा के जिला अध्यक्ष हर्ष कुमार सिंह ने बताया कि आने वाले समय में स्वर्ण मोर्चा जिले के सभी प्रखंडों में संगठन का विस्तार करेगी। इस मौके पर सवर्ण मोर्चा के वरिष्ठ सदस्य चीकू सिंह, कुंदन मिश्रा, अभिषेक सिंह, शुभम मालवीय, कन्हैया, शिवम सिंह सहित दर्जनों सदस्य उपस्थित थे।